# पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा

## संभावित पेपर-2

**1. जैन मठ संस्थानों को क्या कहा जाता है?**

(अ) अपरिग्रह (ब) श्वेतांबर (स) तीर्थ (द) बसादिस

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** जैन मठ संस्थानों को बसादी कहा जाता है जैन धर्म के प्रथम तीर्थ का ऋषभदेव तथा 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी हुए महावीर स्वामी के अनुयायियों को मूलत: निग्रंथ कहा जाता है

**2. वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भारत के किस राज्य में स्थित है?**

(अ) उत्तर प्रदेश (ब) तमिल नाडु (स) मध्य प्रदेश (द) उत्तराखंड

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** वन विहार राष्ट्रीय उद्यान मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में स्थित है भोपाल का वन विहार एक अनोखा राष्ट्रीय उद्यान है जिसको एक आधुनिक चिड़ियाघर के रूप में मान्यता प्राप्त है राजधानी भोपाल में बड़े तालाब के पास पहाड़ी पर 4.45 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले इस उद्यान को अनेक प्रयासों के बाद 18 जनवरी 1983 को अंत:स्थलीय वन्य प्राणी संरक्षण राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा देकर वनविहार नाम दिया गया

**3. भारत में सिजदा प्रथा किसने शुरू की थी?**

(अ) इल्तुतमिश (ब) कुतुबुद्दीन ऐबक

(स) गियासुद्दीन बलबन (द) रजिया सुल्तान

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** सिजदा और पैबोस प्रथा गियासुद्दीन बलबन ने शुरू किया सिजदा का अर्थ झुककर सुल्तान के चरणों में सलाम करना तथा पैबोस का अर्थ सुल्तान के पैरों को चूमना है यह अमानवीय प्रथाओं को मुगल बादशाह अकबर ने समाप्त कर दिया

**4. चतुर्भुज नाथ मंदिर किस अभ्यारण के पास स्थित है?**

(अ) केन घड़ियाल (ब) सोन (स) गांधी सागर (द) शिवपुरी

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** गांधी सागर अभ्यारण मध्य प्रदेश के नीमच और मंदसौर जिले की उत्तरी सीमा पर स्थित है इस अभ्यारण को वर्ष 1974 में अधिसूचित किया गया था अभ्यारण के आस-पास कई पर्यटन स्थल है इस अभ्यारण के अंदर चतुर्भुज नाथ का एक प्राचीन मंदिर है

**5. खिलाफत आंदोलन की शुरुआत---- में हुई थी?**

(अ) ईरान (ब) जर्मनी (स) इजराइल (द) तुर्की

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** खिलाफत आंदोलन की शुरुआत तुर्की में हुई थी इसकी शुरुआत 1908 में खलीफा के प्रभुत्व का उन्मूलन खलीफत की समाप्ति का प्रथम चरण था खिलाफत आंदोलन का मुख्य उद्देश्य तुर्की खलीफा के पद को पुन:स्थापित करना तथा वहां के धार्मिक क्षेत्रों से प्रतिबंध हटाना था

**6. निम्न में से मध्यप्रदेश की कौनसी नदी सीधे गंगा नदी में जाकर मिलती है?**

(अ) सोन (ब) बेतवा (स) चम्बल (द) नर्मदा

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** मध्य प्रदेश के पवित्र स्थल अमरकंटक से निकलने वाली सोन नदी अपने उद्गम से 780 किलोमीटर दूरी तक बहकर सीधे भारत की सबसे बड़ी नदी गंगा में दीनापुर के पास मिलती है

**7. भारतीय न्यायिक प्रणाली में रिट हिबियस कॉर्पस का शाब्दिक अर्थ क्या है?**

(अ) प्रमाणित किए जाने हेतु

(ब) आपका अधिकार क्या है

(स) हम आदेश देते हैं

(द) आपको बंदी प्रत्यक्षीकरण का अधिकार प्राप्त होगा

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** हिबियस कॉर्पस का शाब्दिक अर्थ है- शरीर लेकर आओ या बंदी को न्यायालय के सामने पेश किया जाए इस रिट के द्वारा न्यायालय कारावास में रखे गए या बंदी बनाए गए व्यक्ति को न्यायालय में उपस्थित

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

कर सकता है और उस व्यक्ति के विरुद्ध किये जाने के कारणों की जांच कर सकता है

**8. मुक्तागिरी नामक प्रसिद्ध स्थान कहां पर है?**

(अ) सिवनी (ब) बैतूल (स) दतिया (द) सागर

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** मुक्तागिरी एक जैन तीर्थ स्थल है जो मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में है जबकि सोनागिरी दतिया में तथा गोम्मटगिरी इंदौर में ये सभी जैनों के तीर्थ स्थल हैं

**9. भारतीय संविधान की किस धारा के अंतर्गत राज्यों के अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा संबंधी दायित्व का उल्लेख किया गया है?**

(अ) राज्य के नीति निर्देशक तत्व (ब) मौलिक अधिकार

(स) मौलिक कर्तव्य (द) प्रस्तावना

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** भारतीय संविधान में राज्य के नीति निर्देशक तत्व को आयरलैंड के संविधान से लिया गया इनका उल्लेख भारतीय संविधान के भाग 4 में अनुच्छेद 36-51 तक किया गया है नीति निर्देशक तत्व के अनुच्छेद 51 में अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा संबंधित दायित्व का उल्लेख किया गया है

**10. तानसेन का मकबरा कहां स्थित है?**

(अ) काबुल (ब) ग्वालियर एवं बैहट (स) मैहर (द) जबलपुर

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** संगीत सम्राट तानसेन का वास्तविक नाम रामतनु पांडे था वे अकबर के नवरत्नों में से एक थे ग्वालियर एवं बैहट में तानसेन का मकबरा बना हुआ है जो मुगल स्थापत्य कला का सुंदर उदाहरण है

**11. सूर्य की चमकती सतह कहलाती है?**

(अ) स्थल मंडल (ब) फोटोस्फीयर

(स) वातावरण (द) क्रोमोस्फीयर

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** सूर्य के चमकने वाले भाग को प्रकाश मंडल कहते हैं प्रकाश मंडल किसी तारे का बाहरी आवरण होता है तथा सूर्य के संदर्भ में इसके प्रकाश मंडल का ताप 5500°C है

**12. मध्य प्रदेश में पहली बार किसी साड़ी का पेटेंट कराया गया यह कौन सी है?**

(अ) चंदेरी साड़ी (ब) महेश्वर साड़ी

(स) भोजपुरी साड़ी (द) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** मध्य प्रदेश की विश्व प्रसिद्ध चंदेरी साड़ी को अब चंदेरी के अलावा अन्य किसी स्थान में तैयार नहीं किया जा सकेगा मध्य प्रदेश में इस साड़ी का पेटेंट करा लिया गया है जो मध्य प्रदेश में इस तरह का पहला पेटेंट है

**13. भारत और चीन के बीच स्थित कारकोरम दर्रा नामक पहाड़ी दर्रा इनमें से किस के निकट स्थित है?**

(अ) कारगिल (ब) पठानकोट (स) तवांग (द) श्रीनगर

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** भारत और चीन के बीच स्थित कारकोरम दर्रा नामक पहाड़ी दर्रा कारगिल के निकट स्थित है यह दर्रा भारत का सबसे ऊंचाई पर स्थित दर्रा है

**14. भोपाल गैस त्रासदी से उबारने के लिए कौन सा ऑपरेशन चलाया गया?**

(अ) ऑपरेशन फेथ (ब) ऑपरेशन विजय

(स) ऑपरेशन दमन (द) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** भोपाल गैस दुर्घटना 2 से 3 दिसंबर 1984 को हुई इसमें बची हुई गैस को समाप्त करने के लिए सरकार ने ऑपरेशन फेथ चलाया था

**15. महाराष्ट्र के पारंपरिक लोक रंगमंच का नाम बताइए?**

(अ) नौटंकी (ब) स्वांग (स) तमाशा (द) रासलीला

**उत्तर- (स)**

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

**व्याख्या-** तमाशा महाराष्ट्र के लोकनाट्य शैली है प्रारंभ में इसे ऐसे लोगों के समूह के रूप में जाना जाता था जो नाचने- गाने वाले होते थे इस शैली ने चलचित्रों तथा आधुनिक रंगमंच को भी प्रभावित किया है

**16. भारत में राष्ट्रीय सुशासन दिवस कब मनाया जाता है?**

(अ) 24 दिसंबर (ब) 25 दिसंबर

(स) 26 दिसंबर (द) 31 दिसंबर

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** भारत में राष्ट्रीय सुशासन दिवस 25 दिसंबर को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर मनाया जाता है

**17. इनमें से किस रेलवे स्टेशन को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों में शामिल किया गया है?**

(अ) लोकमान्य तिलक टर्मिनस

(ब) आनंद विहार टर्मिनस

(स) कोलकाता टर्मिनस

(द) छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस भारत की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई का एक ऐतिहासिक रेलवे स्टेशन है जो मध्य रेलवे का मुख्यालय भी है इसे 2 जुलाई 2004 को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थलों में शामिल किया गया स्टेशन इस स्टेशन की इमारत विक्टोरियन गोथिक शैली में बनी है

**18. निम्नलिखित में से कौन-सा देश सार्क का सदस्य है?**

(अ) चीन (ब) म्यांमार

(स) मॉरीशस (द) अफगानिस्तान

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** सार्क की स्थापना 8 दिसंबर 1985 ईस्वी को ढाका में सार्क घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर के साथ की गई थी वर्ष 2005 में आयोजित 13वें शिखर सम्मेलन में अफगानिस्तान सार्क का नया सदस्य बना

**19. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड का मुख्यालय कहां पर स्थित है?**

(अ) नई दिल्ली (ब) बेंगलुरु (स) मुंबई (द) चेन्नई

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड का मुख्यालय बेंगलुरु में है भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अधीन एक सैन्य एवं नागरिक उपकरण एवं संयंत्र निर्माणी है

**20. ऑल इंडिया रेडियो की स्थापना किस वर्ष हुई थी?**

(अ) 1947 (ब) 1960 (स) 1936 (द) 1952

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** ऑल इंडिया रेडियो की स्थापना वर्ष 1936 में हुई थी ऑल इंडिया रेडियो का नाम परिवर्तित करके इसे वर्ष 1956 में आकाशवाणी कर दिया गया

**21. निम्न में से कौन-सी झिल्ली संयोजित थैली पाचक एंजाइमों से भरी होती है?**

(अ) गॉल्जीकाय (ब) माइटोकॉन्ड्रिया

(स) लाइसोसोम (द) रसधानी

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** लाइसोसोम की खोज डी डुवे नामक वैज्ञानिक ने 1995 में की थी ये अधिकतर जंतु कोशिकाओं में मुख्य रूप से एन्जाइम अभिक्रियाएं करने वाली कोशिकाओं जैसे- अग्नाशय, यकृत, मस्तिष्क तथा गुर्दे आदि में पाए जाते हैं इसे आत्मघाती थैली भी कहा जाता है

**22. निम्नलिखित रोगों में से कौन सा एक अनुवांशिक विकार है?**

(अ) थैलेसीमिया (ब) एनेमिया (स) रतौंधी (द) कैंसर

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** थैलेसीमिया एक आनुवांशिक विकार है ये बच्चों को माता-पिता से आनुवांशिक तौर पर मिलने वाला रक्त रोग है थैलेसीमिया ऑटोसोमल अप्रभावी आनुवांशिक विकार है

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

**23. कैवेलियर- स्मिथ ने जीवों को---- जगत में वर्गीकृत किया था?**

(अ) 4 (ब) 5 (स) 3 (द) 6

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** ब्रिटिश जीव विज्ञानी थॉमस कैवेलियर- स्मिथ द्वारा प्रस्तुत जीव के वर्गीकरण प्रणाली में पृथ्वी पर सभी जीव रूपों की व्यवस्थित व्यवस्था शामिल है 1998 ईस्वी में कैवेलियर स्मिथ ने जीवों का वर्गीकरण 6 भागों में किया एनिमेलिया, प्रोटोजोआ, फंजाई, प्लांट, क्रोमिस्ट्रा, बैक्टीरिया

**24. सामान्य जुकाम के इलाज के लिए किस विटामिन का उपयोग किया जाता है?**

(अ) विटामिन डी (ब) विटामिन ए

(स) विटामिन सी (द) विटामिन बी

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** सामान्य जुकाम के इलाज के लिए विटामिन सी का उपयोग किया जाता है

**25. निम्न में से कौन विषाणु जनित रोग है?**

(अ) टिटनेस (ब) क्षयरोग

(स) टाइफाइड (द) एड्स

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** एड्स एक्वायर्ड इम्यूनो डिफिशिएंसी सिंड्रोम का संक्षिप्त रूप है HIV वायरस के कारण फैलने वाला यह रोग असुरक्षित यौन संबंधों के कारण संक्रमित रक्त दान में अनियमितता से और नशीले पदार्थों के अत्यधिक सेवन से फैलता है टिटनेस, क्षयरोग तथा टाइफाइड जीवाणु द्वारा फैलने वाले रोग है

**26. पीलिया किस से संबंधित रोग है?**

(अ) गुर्दे से (ब) अग्नाशय से (स) यकृत से (द) ग्रहणी से

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** पीलिया इसमें यकृत प्रभावित होता है पीलिया में त्वचा और आंख पित्त वर्णकों के जमा होने से पीले रंग के दिखाई देते हैं

**27. इनमें से कौनसी अधिकांश कोशिकीय प्रक्रियाओं के लिए ऊर्जा मापन की इकाई है?**

(अ) एटीपी (ब) पाइरूवेट (स) ग्लूकोज (द) एडीपी

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** एटीपी ऊर्जा का भंडार है जिसे ऊर्जा की मुद्रा भी कहा जाता है एटीपी में संचित ऊर्जा जीवों के आवश्यकतानुसार विघटित होकर ऊर्जा मुक्त करती है जिससे जीवों की विभिन्न जैविक क्रियाएं संचालित होती है इसका संश्लेषण हमारे शरीर के अंदर माइटोकॉन्ड्रिया में होता है

**28. पौधों का सार्वभौमिक प्राकृतिक ऑक्सिन है?**

(अ) IBA (ब) साइट्रिक ऑक्सिन (स) NAA (द) IAA

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** ऑक्सिन सर्वप्रथम मानव मूत्र से निकाला गया ये प्रायः तने एवं मूल के बढ़ते हुए शिखर पर बनते हैं तथा वहां से क्रियाशील भाग में जाते हैं इन्डोल-3 एसेट्स अम्ल और प्रकृति ऑक्सिन है

**29. क्लोरीन गैस का उपयोग निम्न में से किसके निर्माण में किया जाता है?**

(अ) बेकिंग पाउडर (ब) बेकिंग सोडा

(स) ब्लीचिंग पाउडर (द) धुलाई सोडा

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** ब्लीचिंग पाउडर को विरंजक चूर्ण भी कहा जाता है इसका रासायनिक नाम कैल्शियम ऑक्सिक्लोराइड है इसके निर्माण के लिए शुष्क बुझे चूने पर क्लोरीन गैस की क्रिया कराते हैं ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग पीने के पानी में उपस्थित कीटाणु के शोधन के लिए किया जाता है

**30. निम्नलिखित में से कौन सा तत्व बहुपरमाणुक है?**

(अ) आर्गन (ब) सोडियम (स) सल्फर (द) ऑक्सीजन

**उत्तर-(स)**

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

**व्याख्या-** किसी तत्व के वे अणु जिसमें परमाणुओं की संख्या 4 से अधिक हो बहुपरमाणुक अणु कहलाते हैं जैसे- सल्फर, फुलेरिन बोरॉन आदि

**31. ---- धातु ठंडे जल के साथ तीव्रता से अभिक्रिया करती है?**

(अ) Na (ब) Cu (स) Zn (द) Al

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** सोडियम धातु ठंडे जल के साथ तीव्रता से अभिक्रिया करती है सोडियम धातु जल से क्रिया करके सोडियम हाइड्रॉक्साइड और हाइड्रोजन गैस देती है

**32. कैल्शियम का परमाणु द्रव्यमान है?**

(अ) 40 (ब) 24 (स) 32 (द) 23

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** कैल्शियम एक रासायनिक तत्व है यह आवर्त सारणी के द्वितीय मुख्य समूह का धातु तत्व है कैल्शियम का परमाणु द्रव्यमान 40 होता है यह जीवित प्राणियों के लिए आवश्यक खनिज तत्व होता है

**33. किसी वस्तु का भार सर्वाधिक होता है?**

(अ) ध्रुवों पर (ब) भूमध्य रेखा पर

(स) ऊष्णकटिबंधो पर (द) उपोष्णकटिबंधों पर

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** किसी वस्तु का भार सर्वाधिक ध्रुवों पर होता है क्योंकि ध्रुवों पर गुरुत्वीय त्वरण का मान सर्वाधिक होता है जबकि विषुवत रेखा पर न्यूनतम होता है

**34. जब प्रकाश विरल माध्यम से सघन माध्यम में प्रवेश करता है तो----**

(अ) इसकी गति पहले कम होती है फिर बढ़ती है

(ब) इसकी गति बढ़ती है

(स) इसकी गति कम हो जाती है

(द) इसकी गति पूर्ववत रहती है

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** जब प्रकाश विरल माध्यम से सघन माध्यम में प्रवेश करता है तो इसकी गति कम हो जाती है

**35. वह लेंस जो बीच में पतला और परिधि के पास मोटा होता है---- कहलाता है?**

(अ) अवतल लेंस (ब) समांतर लेंस

(स) उत्तल लेंस (द) बेलनाकार लेंस

**उत्तर-(अ)**


**व्याख्या-** वह लेंस जो बीच में पतला और परिधि के पास मोटा होता है अवतल लेंस कहलाता है अवतल लेंस को अपसारी लेंस भी कहते हैं क्योंकि यह अपने से गुजरने वाली प्रकाश किरणों को अपसरित कर देता है












YouTube
Tez
Education
सब्सक्राइब करें